इंटरपोल का नोटिस

वैश्विक पुलिस निकाय **इंटरपोल** ने **मेहुल चोकसी** के खिलाफ जारी **रेड नोटिस को रद्द कर दिया** है, वह **2 बिलियन अमेरिकी डॉलर** के **पंजाब नेशनल बैंक** धोखाधड़ी मामले में वांछित भारतीय भगोड़ा है।

- हालाँकि इंटरपोल द्वारा रेड नोटिस को रद्द किये जाने से **भारत की जाँच या प्रत्यर्पण अनुरोध प्रभावित नहीं** होगा

इंटरपोल:

- इसे वर्ष 1923 में **सुरक्षित सूचना-साझाकरण मंच** के रूप में स्थापित किया गया था, जो विभिन्न पुलिस बलों से प्राप्त सूचनाओं के संग्रहण और प्रसार के माध्यम से **विश्व भर में पुलिस बलों की आपराधिक जाँच की सुविधा** प्रदान करता है।
  - इसका मुख्यालय **फ्राँस के लियॉन में है।**
- इंटरपोल के सदस्य देशों की संख्या **195** है।
  - भारत **15 अक्तूबर, 1949** को इसका सदस्य बना।
- यह **विभिन्न क्षेत्रों में अपराधियों और पुलिस के रडार के तहत आने वाले लोगों की गतिविधियों पर नज़र रखता है** और उन पुलिस बलों को सुझाव देता है जिन्होंने या तो इंटरपोल की सहायता मांगी है या जो उसके पास उपलब्ध विवरणों से लाभान्वित हो सकते हैं।
  - इसका उद्देश्य आपराधिक **पुलिस बलों** के बीच **व्यापक संभव पारस्परिक सहायता** को बढ़ावा देना है।
  - इंटरपोल के साथ **किसी देश की कानून प्रवर्तन एजेंसी के सभी संपर्क देश के सर्वोच्च जाँच निकाय** के माध्यम से होते हैं।
  - **भारत में** **केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI)** वरिष्ठ अधिकारियों में से एक के साथ अपने विशेष **इंटरविंग (राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो)** के नेतृत्व में वैश्विक निकाय के साथ सूचना और संपर्क के लिये **इस भूमिका** को **ग्रहण करता है।**

इंटरपोल का नोटिस:

- **परिचय:**
  - ये नोटिस **सहयोग या अलर्ट के लिये अंतर्राष्ट्रीय अनुरोध** हैं जो सदस्य देशों में पुलिस को **अपराध-संबंधी महत्त्वपूर्ण जानकारी** साझा करने की अनुमति देते हैं।
    - किसी **सदस्य देश के** **इंटरपोल राष्टरीय केंद्रीय ब्यूरो** **के अनुरोध पर सामान्य सचिवालय द्वारा** नोटिस जारी किये जाते हैं और सभी सदस्य देशों के लिये नोटिस डेटाबेस में परामर्श के लिये उपलब्ध कराए जाते हैं।

अन्य नोटिस:

[स्रोत: द हिंदू]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/interpol-s-notices